# आरटीओ की मनमानी से बेबस हुए यात्री बस मालिक

## टूरिस्ट तीर्थ यात्रा स्लीपर बसों पर आरटीओ की पाबंदी के विरोध में शहर के निजी गार्डन में रखी बैठक




**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में संचालित टूरिस्ट तीर्थ यात्रा स्लीपर बसों पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा लगाई गई पाबंदी के विरोध में शनिवार को मनोरमा गार्डन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से बस ऑपरेटर, ट्रेवल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि, धार्मिक यात्रा आयोजक एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए।

एसोसिएशन ने यह भी प्रश्न उठाया कि यदि आरटीओ के अनुसार स्लीपर बसें मानकों के अनुरूप नहीं हैं, तो अब तक इन्हें पंजीकरण, परमिट और फिटनेस स्वीकृति कैसे दी जाती रही। वर्षों से संचालित बसों पर अचानक आपत्ति जताना असंगत है और इससे प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं।

बैठक में कहा गया कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था और स्पष्ट दिशा-निर्देश के इस प्रकार की पाबंदी न्यायसंगत नहीं है। इसका सीधा असर आम यात्रियों पर पड़ रहा है, विशेषकर तीर्थ यात्राओं पर जाने वाले बुजुर्ग यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शासन एवं परिवहन विभाग से पाबंदी पर तत्काल पुनर्विचार की मांग। अन्य राज्यों में यात्रा कर रही बसों को वापस लौटने हेतु विशेष अनुमति देने की मांग। प्रतिनिधिमंडल द्वारा संबंधित अधिकारियों से शीघ्र मुलाकात कर विषय पर चर्चा। 2/2 स्लीपर बसों को आरकेआई श्रेणी के अंतर्गत एआईएस-119 मानक में शामिल करने की मांग। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी विकल्प अपनाने पर विचार। सभी बस संचालकों द्वारा एकजुट रहकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात शासन तक पहुंचाने का निर्णय। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य नियमों का पालन करते हुए परिवहन सेवा को सुचारु रूप से जारी रखना है और वे शासन से सकारात्मक एवं व्यावहारिक समाधान की अपेक्षा रखते हैं।

### वर्षों से चल रही बसें-तत्काल अनलॉक करें बसें

सर्वसम्मति से कहा गया कि स्लीपर बसें विधिवत पंजीकृत हैं तथा सभी आवश्यक कर, परमिट और नियमों का पालन करते हुए वर्षों से तीर्थ यात्राओं, धार्मिक आयोजनों, विवाह समारोहों और लंबी दूरी की यात्राओं में सुरक्षित रूप से संचालित की जा रही हैं। अचानक लगाई गई इस पाबंदी से हजारों लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और परिवहन व्यवसाय गंभीर संकट में आ गया है। संघ के सचिव अनिल भावसार ने बताया कि प्रदेश की कई तीर्थ यात्री बसें वर्तमान में अन्य राज्यों में 40 से 50 दिनों की लंबी यात्राओं पर संचालित हैं। ऐसी बसों को तत्काल अनलॉक कर सुरक्षित रूप से वापस लौटने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि यात्रियों और बस संचालकों को रास्ते में परेशानी न हो।

## बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

**उज्जैन।** भट्टे पर काम करने के बाद तीन दोस्त बाइक से घर लौट रहे थे रास्ते में कार से भिड़ंत हो गई। तीनों दोस्तों को उज्जैन लाया गया। लेकिन एक की मौत हो चुकी थी। दो घायलों का उपचार चल रहा है। महिदपुर रोड पर ग्राम जलोदिया जागीर में रहने वाला उमराव पिता बापू सिंह ईंट भट्टे पर काम करता था। रात में काम खत्म होने पर अपने दो दोस्त प्रहलाद और मांगीलाल के साथ बाइक से घर लौट रहा था नागदा और जलोदिया के बीच तेज गति से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। भिड़ंत में बाइक सवार तीनों दोस्त घायल हो गए उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। लेकिन ओंकार की मौत हो चुकी थी। दोनों दोस्त घायल थे जिन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। दुर्घटना की जानकारी लगते ही मृतक और घायलों के परिजन रात में ही उज्जैन पहुंच गए थे। शनिवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया है।

## एक नजर में



### विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक


**उज्जैन।** आलोक इंटरनेशनल स्कूल (महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टिटयूट) में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, साइबर सेफ्टी, ट्रैफिक नियमों एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पवन कुमार पटेल तृतीय जिला न्यायाधीश, प्रीति धानक अध्यक्ष, महिला विकास एवं सर्वधर्म कल्याण समिति, हर्षिता चौहान कोषाध्यक्ष, महिला विकास एवं सर्वधर्म कल्याण समिति एवं पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं डॉ. एस. एस. पंड्या वरिष्ठ वैज्ञानिक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विधिक व सामाजिक विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पवन कुमार पटेल ने बताया कि 14 से 16 वर्ष की आयु में नशे की प्रवृत्ति अधिक पाई जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे इसके दूरगामी दुष्प्रभावों से पूर्णत: परिचित नहीं होते। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, धन और चरित्र तीनों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, अत: इससे बचाव के लिए सही संगत का चयन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अखिलेश खरे ने किया तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका वंशिका दुबे द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा द्वारा प्रदान की गई।




### मनोरंजक गेम खेले, पुरस्कार दिए

**उज्जैन।** पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा टिफिन पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की 50 से अधिक महिलाएं अपने घरों से एक-एक आयटम बनाकर लाई, इस दौरान कई मनोरंजक खेल भी खेले गये। परमेश्वरी गार्डन में आयोजित समारोह में अध्यक्ष शुभ्रा जुल्का, सचिव रितू टंडन, शोभा मेहरा, हंसा नरूला, कामिनी जुनेजा, रजनी सेठ, पूनम जुल्का, शीतल भोला, शालिनी नारंग, इशा सहगल, मीना खत्री आदि मौजूद रहे। रितू टंडन ने बताया कि महिलाओं के बीच म्यूजिकल हाउजी, फन गेम्स, अर्ली बर्ड प्राईजेस जैसे खेल खिलाए गए। आयोजन में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### आज मां चामुंडा का होगा स्वर्ण के वर्क श्रृंगार



**उज्जैन।** रविवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर मां चामुंडा का स्वर्ण के वर्क से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भक्त समिति के संयोजक पं. शरद चौबे एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह ने बताय कि मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। माघ पूर्णिमा की सुबह जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसादी का वितरण कर शाम को महा आरती कर भक्तों को हलवे की प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### नित्य भैरव महायज्ञ की पूर्णाहुति पर आज

**उज्जैन।** पीपलीनाका स्थित श्री कुचैरा भैरवनाथ (अष्ट भैरव) मंदिर पर 18 दिवसीय भैरव महायज्ञ किया जा रहा हैं जिसकी पूर्णाहुति आज 1 फरवरी रविवार को प्रात: 11 बजे होगी। शासकीय पुजारी दुर्गा मंगल गहलोत ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से प्रतिवर्ष विश्वशांति, जनकल्याण और आगामी सिंहस्थ 2028 के निर्विघ्न सफलता के लिए महायज्ञ किया जा रहा हैं महायज्ञ का यह 41वा वर्ष है। 18 दिनों से नित्य भैरव महायज्ञ, यज्ञाचार्य जय शिव शर्मा, विकास शर्मा एवं राम बैरागी के आचार्यत्व में किया जा रहा हैं। जिसकी पूर्णाहुति आज 1 फरवरी को दिव्य भव्य भण्डारा प्रसादी के साथ होगी। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ एवं महाकाल सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी के साथ पुजारी महासंघ के समस्त कार्यकारिणी एवं सहयोगी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में शिव कुमार गेहलोत, पर्वत सिंह एवं मंगल पुजारी ने नगर की धर्मप्राण से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### पांच दिवसीय कैरियर मेले का समापन

**उज्जैन।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर में आयोजित पांच दिवसीय कैरियर मेले का समापन 31 जनवरी को हुआ। विद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा शर्मा एवं प्रदीप पाराशर के मार्गदर्शन में हुए पांच दिवसीय कैरियर मेले के समापन सत्र में विद्यालय के करियर नोडल ऑफिसर गौतम दीक्षित द्वारा पांच दिवसीय कैरियर मेले का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया एवं कैरियर कार्ड द्वारा छात्रों को अवगत कराया गया। साथ-ही-साथ विद्यालय के विषय शिक्षकों ने अपने-अपने विषय में कैरियर उपलब्धता का परिचय कराया। भौतिक शास्त्र में सुरेंद्र सिंह नाथावत, रसायन शास्त्र में प्रदीप शर्मा, संस्कृत भाषा का शैलेंद्र वर्मा एवं अंग्रेजी विषय में शीतल मेश्राम एवं हिंदी भाषा में इंदिरा पाराशर ने व्याख्यान दिया। अंत में प्रदीप पाराशर ने कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को परीक्षा संबंधित एवं कैरियर संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। आभार रुक्मणी भदोरिया ने व्यक्त किया।

### औषधालय में आम के पौधे का रोपण किया

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के नैष्ठिक परिजन देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव 30 जनवरी को विद्युत वितरण कंपनी की सेवाओं से स्वैच्छिक रूप से सेवा निवृत्त हो गये। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों, गायत्री परिवार के परिजनों, योग साधकों नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने उनके कार्यकाल एवं आवास पर जाकर सफल सुखद एवं स्वास्थ्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अभियंता बीएल चौहान ने कम्पनी की ओर से अभिनंदन करते हुए शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र के साथ पेंशन, ग्रेजुएटी के आर्डर प्रदान किए। सभी की उपस्थिति में देवेंद्र श्रीवास्तव ने जीवन का उत्तरार्ध लोक सेवा में समर्पित करने का संकल्प लिया। स्मृति में ज्योति नगर औषधालय में आम के पौधे का रोपण किया।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नगर निगम के प्रगतिरत कार्यों का शनिवार दोपहर निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने राजस्व कॉलोनी से भार्गव हार्टकेयर तक 24 मीटर चौडाई और 350 मीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से कर समयावधि में पूर्ण करें। आपने निर्माण एजेंसी को कहा कि निर्माण के दौरान निर्धारित मापदंड और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी नगर निगम आयुक्त संतोष टैगोर, अपर आयुक्त नगर निगम पवन कुमार सिंह और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चुराई थी सोलर प्लांट से कॉपर केबल

### हिरासत में आया 1 आरोपी, 3 की तलाश में दबिश



**उज्जैन। ग्रामीण क्षेत्र में सोलर प्लांट से कॉपर केबल चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बदमाश ने पूछताछ में तीन साथियों के साथ वारदात करना कबूल किया। हिरासत में आए आरोपी से 46 हजार कीमत की केबल जब्त की गई है।**

मकड़ोन थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम कड़ोदिया में लगे सोलर प्लांट से कुछ दिन पहले कॉपर केबल चोरी होना सामने आया था। सोलर प्लांट इंचार्ज की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की गई थी। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम कड़ोदिया के रहने वाले अमन पिता फकीर मोहम्मद को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ में 46 हजार रुपये कीमत की कॉपर केबल बरामद की गई है। बदमाश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना कबूल किया है। हिरासत में आए बदमाश को न्यायालय में पेश के रिमांड पर लिया गया है उसके तीन साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी। संभावना है कि कुछ और वारदातों का खुलासा हो सकता है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत के अनुसार बदमाश को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने में उप निरीक्षक हुकुमसिंह सोलंकी, आरक्षक राजेन्द्र सिंह, सैनिक मांगीलाल, राहुल, बहादुर की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## गरोठ हाई-वे पर सात थानों की पुलिस गश्त पर निकली

### ट्रक कटिंग और लूटपाट पर अंकुश लगाने के प्रयास

**उज्जैन। गरोठ हाईवे ब्रिज पर आए दिन ट्रक कटिंग और लूटपाट की वारदात होना सामने आ रहा है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए बीती रात सात थानों की पुलिस गश्त पर निकली। अब प्रतिदिन रात में पुलिस हाई-वे पर सर्चिंग करेगी। जिससे इस प्रकार की वारदातों पर अंकुश लगेगा और बदमाशा हिरासत में होंगे।**



एक शहर से दूसरे शहर की दूरी कम करने और आवागमन को बेहतर बनाने के लिए गरोठ हाई-वे ब्रिज का निर्माण किया गया है जो काफी लंबा बना हुआ है। ब्रिज के आसपास उज्जैन जिले के कई थानों की सीमा लगती है। ब्रिज पर पिछले कई दिनों से ट्रक चालकों के साथ कटिंग की वारदात और चार पहिया वाहन चालकों के साथ लूटपाट की वारदात होना सामने आ रहा है। चालकों के साथ होने वाली वारदात के बाद उन्हें मामले की शिकायत दर्ज करने के लिए भी एक थाने से दूसरे थाने की सीमा में भटकना पड़ता है। लगातार सामने आ रही वारदातों को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा द्वारा वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए गरोठ हाईवे ब्रिज पर रात्रि गश्त को लगातार किए जाने के निर्देश जारी करते हुए बीती रात सात थानों चिमनगंज, पवासा, नागझिरी, झारड़ा, पान विहार चौकी, राघवी और भैरवगढ़ थाना पुलिस की हाईवे पर ही ब्रीफिंग की गई और उन्हें लगातार गश्त के लिए रवाना किया गया, आधी रात को शुरू हुई गश्त अल सुबह तक जारी रही। अब पुलिस रात्रि में लगातार गरोठ हाईवे ब्रिज पर सर्चिंग करती दिखाई देगी। गौरतलब हो कि हाई-वे पर चलते ट्रकों पर बाइक सवार बदमाशों द्वारा चढ़कर वारदात की जा रही है। बदमाश हथियारों से लैस होते हैं। जो दिन दहाड़े भी वारदात करने से नहीं चूकते हैं। चार पहिया वाहन चालकों को तो रोक कर लूटपाट की जाती है। पुलिस को आशंका है की वारदात में पारदी कंजर गिरोह शामिल है। जो आसपास के राज्यों से भी पहुंचते हैं।

### चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को सजा

उज्जैन। चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 19 माह बाद न्यायालय ने पांच साल की सजा के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। सजा का फैसला आते ही पुलिस ने आरोपी को कस्टडी में लिया और केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ की सलाखों के पीछे पहुंचाया। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि 12 जून 2024 को जीरो पाइंट ब्रिज के पास जयसिंहपुरा में रहने वाले मुकेश पिता मनोहर राव पर चाकू से जानलेवा हमला आरोपी धर्मेन्द्र पिता किशनलाल निवासी मोहनपुरा बड़नगर रोड द्वारा किया गया था। मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को 2 दिन बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अप्रैल 2025 में आरोपी को जमानत मिल गई थी। लेकिन सुनवाई जारी थी। 19 माह बाद शुक्रवार को जिला एवं सत्र प्रधान न्यायधीश सीसी गुप्ता ने सुनवाई पूरी होने पर फैसला सुनाते हुए आरोपी को हत्या के प्रयास में 5 साल की सजा और 5 हजार के अर्थदंड के साथ अवैध हथियार रखने के मामले में 1 साल की सजा के साथ 1 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में विवेचना तत्कालीन एसआई पवन वास्कले द्वारा की गई थी।

## प्रेस क्लब अध्यक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों ने राठौर की माताजी को श्रद्धांजलि दी



**उज्जैन।** प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने शनिवार शाम को जनसंपर्क विभाग के उपसंचालक अरुण कुमार राठौर की माता उमादेवी राठौर के देवलोकगमन पर छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रेस क्लब के सभागृह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी, प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाड़ा, प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने स्व. श्रीमती राठौर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## फिर बदला मौसम का मिजाज, तापमान में 10 डिग्री का अंतर

**उज्जैन।** पश्चिमी विक्षोभ का नया सिस्टम सक्रिय होने के बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को सुबह से आसमान में बादल छाए हुए थे और सूर्य देव के दर्शन दोपहर बाद हुए। दिन भर 6 से 8 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलती रही। मौसम विभाग में 2 से 3 दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहने और मावठे की बारिश होने का अंदेशा जताया है।

मकर संक्रांति को सूर्य के उत्तरायण होने के बाद ठंड का असर कम होने लगता है, लेकिन इस बार मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। कुछ दिन पहले हुई ओलावृष्टि और बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट से ठंड बढ़ गई है। लेकिन 2 दिन से मौसम खुला हुआ था मौसम वैज्ञानिकों ने 31 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ का नया स्ट्रांग सिस्टम एक्टिवेट होने का अलर्ट जारी किया है। जो शनिवार को सटीक साबित हुआ आसमान में सुबह से ही बादल छाए हुए थे और सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए थे दोपहर बाद धूप निकली लेकिन वह भी माध्यम बनी रही इस बीच 6 से 8 किलोमीटर की ठंडी हवा से मौसम में ठंडक बनी हुई थी। स्थानीय जीवाजी राव वेधशाला के अनुसार अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया है। इससे पहले शुक्रवार शनिवार रात न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री दर्ज हुआ था। दिन रात के तापमान में 10 डिग्री का अंतर रह गया है। पश्चिमी विक्षोभ के नए स्ट्रांग सिस्टम के सक्रिय होने से फरवरी माह का प्रथम सप्ताह भी ठंड के बीच गुजर सकता है फिलहाल 2 से 3 दिन तक इसी तरह का मौसम बना रहने का अनुमान है। जिसके चलते जिले के कुछ हिस्सों में मावठे की बारिश हो सकती है।

## दिनेश मालवीय ने जीते 3 सिल्वर मेडल

**उज्जैन।** संत ज्ञानेश्वर महाराज क्रीड़ा संकुल इंद्रायणी नगर पुणे (महाराष्ट्र) में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित आठवीं नेशनल मास्टर गेम्स एथलीट के अंतर्गत 400 मीटर दौड़ में उज्जैन के दिनेश मालवीय ने सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान), 800 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) और 5 किलोमीटर दौड़ में सिल्वर मेडल (द्वितीय स्थान) प्राप्त किया। मध्य प्रदेश एसोसिएशन के सचिव अमानत खान ने बताया कि इस इवेंट में 22 राज्यों के खिलाड़ी ने सहभागिता की थी। पीएसओ दिनेश मालवीय विधायक महेश परमार की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात है।

## हृदय, नेत्र और ब्रेस्ट कैंसर जांच शिविर आज से आयोजित किए जाएंगे

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरुप संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत लोक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में अभियान अंतर्गत हृदय, नेत्र और ब्रेस्ट कैंसर जांच शिविरों का आयोजन 01 फरवरी से 21 मार्च तक जिले के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। शिविरों में लाभार्थियों को चिकित्सा परामर्श का लाभ देकर अभियान की रिपोर्टिंग समाधान पोर्टल पर की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन 01 फरवरी को शास्त्री नगर, 02 फरवरी को राजीव नगर, 03 फरवरी को अर्पिता नगर / मित्र नगर, 04 फरवरी को नेहरू नगर, 05 फरवरी को छत्री चौक, 06 फरवरी को खिलचीपुर/मंगल कॉलोनी और 07 फरवरी को जूना सोमवारिया में आयोजित किए जाएंगे।

### शिविर का आज

**उज्जैन।** निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 1 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारतीय ज्ञानपीठ परिसर, माधव नगर, रेलवे स्टेशन के सामने, उज्जैन में किया जाएगा। शिविर में नागरिकों को एलोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक पद्धतियों के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

## माघ पूर्णिमा पर आज होगा जीण माता मंगल उत्सव

**उज्जैन।** आज 1 फ़रवरी, रविवार माघ पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर आज श्री जीण माता भक्त गणों द्वारा भव्य मंगल पाठ उत्सव का आयोजन खंडेलवाल वैश्य पंचायत भवन बुधवारिया में किया जाएगा। जिसमें खंडेलवाल, अग्रवाल, माहेश्वरी, जैन, सोनी इत्यादि कई समाज के भक्त गण सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर शाम 4 बजे से माता का श्रृंगार, स्थापना, आव्हान एवं विधिवत पूजन होगा। जिसके बाद मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा, कीर्तन होगा, रात 8.30 बजे महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा। समस्त जीण माता भक्तों से अनुरोध है कि माता के मंगलपाठ एवं दिव्य दर्शन का लाभ लेकर पुण्य अर्जन हेतु पधारे।

**भक्तों को सुविधा** मुंबई की कंपनी ने लगवाया, गर्मी में श्रद्धालुओं की चिल्ड पानी देकर प्यास बुझाएगा

## पीथमपुर की कंपनी ने महाकाल मंदिर में 1 करोड़ का हाईटेक आरओ प्लांट लगाया

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में पीथमपुर की कम्पनी ने 1 करोड़ रुपए की लागत से नया हाईटेक आरओ प्लांट लगवाया है। शनिवार को इस प्लांट का पूजन-अर्चन कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

इसे मंदिर के गेट नंबर 4 के पास स्थापित किया गया है। जिससे प्रति घंटा 4,000 लीटर ठंडा पानी शुद्ध होकर श्रद्धालुओं को पीने के लिए मिल सकेगा। मंदिर में प्रतिदिन देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए एक बड़े प्लांट की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मुंबई की टेक्नो हायप्योर कंपनी इस पुण्य कार्य के लिए आगे आई और




मायलन लैबोरेटरीज पीथमपुर के जरिए इसे लगवाया गया। इस प्लांट में 5 हजार लीटर का विशाल एसएस 304 श्रेणी का स्टेनलेस स्टील से बना भंडारण टैंक लगा है। गर्मी के दिनों में इसकी सबसे अधिक उपयोगिता रहेगी। इसमें 1 हजार लीटर की क्षमता वाले 3 विशेष चिलर भी लगाए गए हैं, जो भक्तों को गर्मी के मौसम में ठंडा पानी की आपूर्ति करेंगे। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने इस नए आरओ सिस्टम का पूजन कर शुभारंभ किया व मायलन लैबोरेटरीज के प्रतिनिधियों और दानदाताओं का सम्मान भी किया।

### लोधी, पटेल सहित विशिष्टजन पहुंचे महाकाल



मध्यप्रदेश शासन के धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी, मंत्री प्रहलाद पटेल सहित कई विशिष्टजन शनिवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। मंत्रियों के साथ मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी महाकाल आए। वहीं पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चंद्रकेशर बांध जिला देवास के करीब 104 विद्यार्थियों एवं स्टॉफ ने भी भगवान महाकाल के दर्शन किए।